
# भा.कृ.अनु.प.-भारतीय सोयाबीन अनुसन्धान संस्थान
# ICAR-Indian Institute of Soybean Research
## खंडवा रोड, इन्दौर 452001
## Khandwa Road, Indore-452001

फ़ाइल् क्रमांक **F.No. :** टेक **10-6/2022** दिनांक **Date: 14.08.2023**

**YouTube channel:** **https://www.youtube.com/channel/UCNdY5AsfPZqsCO8IxkAuSyQ**
**Facebook Page:** **https://www.facebook.com/ICAR-Indian-Institute-of-Soybean-Research-Indore-507415769433553**
**Twitter: @IisrIcar** **Whatsapp & Telegram: IISR Soy Farmers**

## सोयाबीन कृषकों के लिए उपयोगी सलाह / Weekly Advisory for Soybean Farmers
## (14-20 अगस्त 2022 / 14th-20th August 2023)

| | | |
|---|---|---|
| **1.** | कृषकों को सलाह हैं कि अपनी फसल की सतत निगरानी करें तथा किसी भी कीट या रोग के लक्षण दिखने पर निम्नानुसार नियंत्रण के उपाय अपनाये.<br>Farmers are advised to visit their soybean crop at different locations on a regular basis and follow the control measures of insect-pest/diseases immediately after the symptoms are observed. | |
| **2.** | कुछ क्षेत्रों में फफूंदजनित रोगों के साथ साथ इल्लियों द्वारा फूलों को खाने के समाचार प्राप्त हुए हैं. अतः कीट एवं रोगों से फसल की सुरक्षा हेतु अनुशंसित कीटनाशकों/फफूंदनाशकों का छिडकाव करें, भले ही सोयाबीन फसल फुल आने की अवस्था में हो.<br>Caterpillars are seen feeding on the soybean flowers in addition to the incidence of fungal diseases in certain soybean growing areas. Therefore, farmers are advised to apply the spray of recommended insecticide/fungicide though the crop is at flowering stage. | |
| **3.** | जहाँ पर कम समयावधि में पकने वाली किस्मे लगी हैं, कृषकों को सलाह है कि चूहें द्वारा फलियों के अन्दर दाने खाने से होने वाले नुकसान से बचाने हेतु प्रबंधन के उपाय अपनाये. इसके लिए फ्लोकोउमाफेन 0.005% रसायन से बने प्रति हेक्टेयर 15-20 बेट/हे. बनाकर चूहों के छेदों के पास रखे.<br>Farmers having short-duration soybean varieties are advised to manage the yield loss caused due to feeding of rats on tender pods. This can be done by keeping the poison baits (15-20/ha) made of Flocoumafen 0.005% Block Bait (Strom) near the rat holes. |  |
| **4.** | ऐसे किसान जो आगामी वर्ष के लिए उपयोगी सोयाबीन बीज का बीजोत्पादन कर रहे हैं, शुद्धता बनाये रखने के लिए फूलों के रंग एवं पौधों/पत्तियों/तने पर पाए जाने वाले रोये के अधर पर भिन्न किस्मों के पौधों को अपने खेत से निष्कासित करें.<br>Farmers are advised to carry out roughing (removal of off-type plants belonging to other varieties) in order to maintain seed purity. This can be done based in flower color or pubescence found on the plant/leaves/pods/stem. | |
| **5.** | मध्य प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में सोयाबीन फसल पर इस वर्ष "कॉटन ग्रे वीविल" नामक कीट का प्रकोप देखा जा रहा हैं, जो पत्तियों को किनारों से कुतर कर खाता हैं. इसी प्रकार इस वर्ष टस्क मोथ नामक कीट का भी प्रकोप देखा जा रहा है. यह भी एक पर्णभक्षी कीट हैं. इनका प्रकोप अधिक होने पर इसी साप्ताहिक सलाह के बिंदु क्रमांक 6 पर पत्ती खाने वाले कीटों के नियंत्रण हेतु अनुसंशित कीटनाशकों में से किसी एक का छिडकाव करने की सलाह हैं.<br>Infestation of "Cotton Grey Weevil" is observed in some part of Madhya Pradesh. This insect feeds on soybean leaves especially on the corners. Farmers are advised to spray the crop using any one of the insecticide recommended for the control of defoliators as given in point No. 6 of this weekly advisory. | <br> |

| | | |
|---|---|---|
| **6.** | मध्य प्रदेश के कुछ जिले (धार, इंदौर, शाजापुर, देवास) में सोयाबीन का रस चूसने वाले “जेवेल बग” नामक कीड़े का कुछ क्षेत्रों में देखा जा रहा हैं जो कि कभी-कभार ही देखा जाता हैं. अधिक प्रकोप होने पर इसके नियंत्रण हेतु सलाह हैं कि पूर्वमिश्रित कीटनाशक थायोमिथोक्सम 12.60%+लैम्ब्डा सायहेलोथ्रिन 09.50% जेड.सी. (125 मिली./हे.) या बीटासायफ्लुथ्रिन+इमिडाक्लोप्रिड (350 मिली./हे.) या आइसोसायक्लोसरम 9.2 WW.DC (10% W/V) DC (600 मिली/हे.) या इंडोक्साकार्ब 15.8ई.सी. (333 मि.ली.) का छिड़काव करें. ***तना मक्खी के नियंत्रण के लिए भी इन्ही रसायनों का उपयोग करें.***<br>A miner pest of soybean named “Jewel bug” is reportedly seen in certain area of Dhar district in Madhya Pradesh. Farmers are advised to apply spray of Thiamethoxam12.60%+Lambda Cyhalothrin 09.50% ZC @125 ml/ha OR Betacyfluthrin + Imidacloprid (350 ml/ha) OR Isocycloserum 9.2WW.DC (10% W/V)DV @600 ml/ha OR Indoxacarb 15.80 % EC ( 333 ml/ha) immediately after the symptoms are noticed. **These insecticides can also be used for control of Stem Fly.** |    |
| **7.** | **चक्र भृंग** के नियंत्रण हेतु सलाह हैं कि प्रारंभिक अवस्था में ही आइसोसायक्लोसरम 9.2% W/W Dc (10% W/V) DC (600 **मिली/हे**) या एसिटेमीप्रीड 25%+बायफेंथ्रिन 25%WG (250ग्रा./हे) या टेट्रानिलिप्रोल 18.18 एस.सी. (250-300 मिली/हे) या थायक्लोप्रिड 21.7 एस.सी .( 750मिली/हे) या प्रोफेनोफॉस 50 ई.सी (1 ली/.है) या इमामेक्टीन बेन्जोएट ( 425मिली /है ) या क्लोरएन्ट्रानिलिप्रोल 18.5 एस.सी 18.50 % SC का छिड़काव करें। यह भी सलाह दी जाती है कि इसके फैलाव की रोकथाम हेतु प्रारंभिक अवस्था में ही पौधे के ग्रसित भाग को तोड़कर नष्ट कर दें.<br>For control of girdle beetle alone, farmers are advised for destruction of affected plant part as well as spraying with Isocycloseram 9.2% W/W Dc (10% W/V) DC (600 ml/ha) OR Acetamiprid 25% + Bifenthrin 25 % WG (250 g/ha) OR Tetraniliprole 18.18 SC (250-300 ml/ha) OR Thiacloprid 21.7 S.C. (750 ml/ha) OR Profenophos 50 E.C. (1 l/ha) OR Emamectin benzoate 01.90 % EC OR Chlorantraniliprole 18.50 % SC (150 ml/ha) soon after the symptoms are observed. |   Damage Symptoms of Girdle Beetle |
| **8.** | **जहा पर तीनों प्रकार की पत्ती खाने वाली इल्लियाँ हो, इनके एक साथ नियंत्रण के लिए निम्न में से किसी भी एक रसायन का छिडकाव करें :** एसिटेमीप्रीड 25%+बायफेंथ्रिन 25%WG (250ग्रा./हे) या ब्रोफ्लानिलाइड 300 एस.सी. (42-62 ग्राम/हे), या फ्लूबेंडियामाइड 39.35एस.सी ( 150मि.ली.) या इंडोक्साकार्ब 15.8एस .सी (333 मि.ली/हे ), या टेट्रानिलिप्रोल 18.18 एस.सी., (250-300मिली/हे) या नोवाल्युरोन + इन्डोक्साकार्ब 04.50 % एस. सी. (825-875 मिली/हे) या क्लोरएन्ट्रानिलिप्रोल 18.5 एस.सी, ( 150मि.ली./हे ) या इमामेक्टिन बेंजोएट 01.90 (425 मि.ली./हे), या फ्लूबेंडियामाइड 20डब्ल्यू.जी (250-300 ग्राम/हे) या स्पायनेटोरम 11.7 एस.सी (450 मिली/हे केवल तम्बाकू की इल्ली के नियंत्रण हेतु), या पूर्वमिश्रित बीटासायफ्लुथ्रिन + इमिडाक्लोप्रिड (350 मिली/है :सेमीलूपर इल्ली के नियंत्रण के लिए) या पूर्वमिश्रित थायमिथोक्सम + लैम्बडा सायहेलोथ्रिन (125 मिली/.है सेमीलूपर इल्ली के नियंत्रण के लिए) या क्लोरएन्ट्रानिलिप्रोल 09.30 % +लैम्बडा सायहेलोथ्रिन 04.60 % ZC, (200 मिली/हे सेमीलूपर इल्ली के नियंत्रण के लिए) का छिडकाव करें. **इनसे पत्ती खाने वाली इल्लियों के साथ साथ फूल खाने वाली इल्लियों का नियन्त्रन हो सकेगा.**<br>For control of defoliators like Semilooper, tobacco caterpillar and heliothis, farmers are advised to spray any one of the following insecticides: Quinalphos 25EC (1 l/ha) **OR** Broflanilide 300 g/l SC (42-62 g/ha) **OR** Flubendiamide 39.35 % w/w SC (150 ml/ha) **OR** Indoxacarb 15.80 % EC (333 ml/ha), **OR** Tetraniliprole 18.18 SC (250-300 ml/ha) **OR** Novaluron 05.25 % + Indoxacarb 04.50 % SC (825-875 ml/ha) **OR** Chlorantraniliprole 18.5 % SC (150 ml/ha) **OR** Emamectin benzoate 01.90 % EC (425 ml/ha) **OR** Flubendiamide 20 % WG (250-300 g/ha) **OR** Spinetoram 11.70 % SC (150 ml/ha for control of tobacco caterpillar only) **OR** pre-mixed Beta-cyfluthrin 08.49 % + Imidacloprid 19.81 % w/w OD (350 ml/ha-effective against semilooper) OR Thiamethoxam 12.60 % + Lambda-cyhalothrin 09.50 % ZC (125 ml/ha-effective against semilooper) OR Chlorantraniliprole 09.30 % + Lambda-cyhalothrin 04.60 % ZC (200 ml/ha-effective against semilooper). |    |

| | | |
|---|---|---|
| **9.** | जहाँ पर एक साथ पत्ती खाने वाली इल्लियों (सेमीलूपर/तम्बाकू/चने की इल्ली) तथा रस चूसने वाले कीट जैसे सफ़ेद मक्खी/जसीड एवं ताना छेदक कीट (तना मक्खी/चक्र भृंग) प्रकोप हो, इनके नियंत्रण हेतु पूर्व मिश्रित कीटनाशक जैसे क्लोरएन्ट्रानिलिप्रोल 09.30 + लैम्ब्डा सायहेलोथ्रिन 09.50% जेड.सी. या थायोमिथोक्सम 12.60%+लैम्ब्डा सायहेलोथ्रिन 09.50% जेड.सी. (125 मिली./हे.) या बीटासायफ्लुथ्रिन+इमिडाक्लोप्रिड (350 मिली./हे.) का छिडकाव करें.<br>In such areas where having infestation of defoliators as well white fly and stem borers simultaneously, it is advised to spray the crop with either one of the premixed formulations like Chlorantraniliprole 09.30 % + Lambda-cyhalothrin 04.60 % ZC (200 ml/ha) OR Thiamethoxam + Lambda Cyhalothrin (125 ml/ha) OR Betacyfluthrin + Imidacloprid (350 ml/ha). |  |
| **10.** | कृषकों को सलाह हैं कि फफूंदजनित रोगों से सुरक्षा हेतु अपनी फसल पर टेबूकोनाजोल 25.9 ई.सी. (625 मिली/हे) या टेबूकोनाझोल 10%+सल्फर 65%WG (1250 ग्राम/हे) या कार्बेन्डाजिम+मेन्कोजेब 63% WP (1250 ग्राम/हे) या पिकोक्सीस्ट्रोबिन 22.52% w/wSC (400 मिली/हे) या फ्लुक्सापाय्रोक्साड 167 g/l + पायरोक्लोस्ट्रोबीन 333 g/l SC (300 ग्रा/हे.) या पायरोक्लोस्ट्रोबीन 133 g/l + इपिक्साकोनाजोल 50g/l SE (750 मिली/हे) जैसे अनुशंसित फफूंदनाशकों में से किसी एक का सुरक्षात्मक छिडकाव करें. इससे एन्थ्राक्नोज, रायजोक्टोनिया एरियल ब्लाइट जैसे फफूंदजनित रोगों का नियंत्रण हो सकेगा.<br>Farmers are advised to apply protective spray of any one of the recommended fungicides like like Tebuconazole 25.9 EC (625 ml/ha) OR Tebuconazole 10%+Sulphur 65% WG (1250 g/ha) OR Carbendazim+Mancozeb 63%WP (1250 g/ha) OR Picoxystrobin 22.52% w/w SC (400 ml/ha) OR Fluxapyroxad 167 g/l + Pyraclostrobin 333 g/l SC (300 g/ha) OR Pyraclostrobin 133 g/l + Epoxiconazole 50g/l SE (750 ml/ha) as a protective spray for control of fungal diseases. The spray of these fungicides are advised for the control of fungal diseases like anthracnose/rhizoctonia arial bligt also. | <br>**एन्थ्राक्नोज** के लक्षण<br><br>Rhizoctonia aerial blight |
| **11.** | **जहाँ पर पीले मोज़ेक वायरस रोग के लक्षण देखे जा रहे हैं, कृषकों को सलाह हैं कि इसके प्रारंभिक लक्षण दीखते ही** तत्काल रोगग्रस्त पौधों को खेत से उखाड़कर निष्कासित करें एवं अपने खेत में विभिन्न स्थानों पर पीला स्टिकी ट्रैप लगाएं.<br>Wherever, the symptoms of YMV are seen, farmers are advised to uproot/destroy the affected plant/parts and installation of yellow sticky traps for the control of its vector i.e. White fly. |  |
| **12.** | पीले मोज़ेक वायरस या सोयाबीन मोज़ेक वायरस रोग को फ़ैलाने वाले वाहक कीट सफ़ेद मक्खी एवं एफिड के नियंत्रण हेतु अनुशंसित कीटनाशक एसिटेमीप्रीड 25%+बायफेंथ्रिन 25%WG (250ग्रा./हे) का छिडकाव करें. इसके स्थान पर पूर्वमिश्रित कीटनाशक थायोमिथोक्सम + लैम्ब्डा सायहेलोथ्रिन (125मिली/हे) या बीटासायफ्लुथ्रिन+इमिडाक्लोप्रिड (350 मिली/हे) का भी छिडकाव किया जा सकता हैं. का भी छिडकाव किया जा सकता हैं. **इनके छिड़काव से तना मक्खी का भी नियंत्रण किया जा सकता है.**<br>For control of YMV/SMV diseases, farmers are also advised to apply the spray of Acetamiprid 25% + Bifenthrin 25 % WG (250 g/ha) for control of white fly/aphids. Alternatively, you may also use either one of the recommended pre-mixed insecticides like Thiamethoxam + Lambda Cyhalothrin (125 ml/ha) OR Betacyfluthrin + Imidacloprid (350 ml/ha). **This will also facilitate the control of stem flies.** Farmers are also advised to use yellow sticky traps in order to attract white flies, the vector of YMV. | <br> |

## अन्य सुरक्षात्मक उपाय/सामान्य सलाह Other Precautionary Measures and general advise

| | | |
|---|---|---|
| 1 | तम्बाकू की इल्ली एवं चने की इल्लियों के नियंत्रण हेतु बाजार में उपलब्ध कीट-विशेष फेरोमोन ट्रैप या प्रकाश प्रपंच लगाये. इनके सेप्टा लगाने से पूर्व अपने हाथ स्वच्छ है यह सुनिश्चित करें.<br>For the management of Tobacco caterpillar and gram pod borer, farmers are advised for installation of insect-specific pheromone traps and use of NPV (250 LE/ha). Use of Emamectin benzoate (425 ml/ha) is also effective against these insects. Clean your hands before the installation of the septa. |  |
| 2 | जैविक सोयाबीन उत्पादन करने वाले कृषकों को सलाह हैं कि पत्ती खाने वाली इल्लियों (सेमीलूपर, तम्बाकू की इल्ली ) से फसल की सुरक्षा एवं प्रारंभिक अवस्था में ही रोकथाम हेतु *बेसिलस थुरिन्जिएन्सिस* अथवा *ब्युवेरिया बेसिआना* या *नोमुरिया रिलेयी* ( 1.0ली/.हेक्टे) का छिडकाव करें.<br>Farmers are advised to use *Bacillus thuringiensis* or *Beauveria bassiana or Nomuriya rileyi* @ 1 l/ha for control of defoliators (semilooper, tobacco caterpillar) especially in organic soybean production. | |
| 3 | कीट-भक्षी पक्षियों द्वारा इल्लियों को खाने से होने वाले नियंत्रण को और सुविधाजनक बनाने हेतु सोयाबीन फसल में पक्षियों की बैठने हेतु "T" आकार के बर्ड-पर्चेस लगाये . इससे कीट-भक्षी पक्षियों द्वारा भी इल्लियों की संख्या कम करने में सहायता मिलती है .<br>Install "T shaped" Bird Perches at different locations facilitating the easy access to the predatory birds for feeding on leaf eating caterpillars. |  |
| 4 | वायरस जनित पीला मोज़ेक/सोयाबीन मोजेक रोगों से सुरक्षा हेतु इन रोगों को फैलाने वाले रसचुसक कीट सफ़ेद मक्खी/जासिड के नियंत्रण के लिए अपने खेत में विभिन्न स्थानों पर पीला स्टिकी ट्रैप लगाएं.<br>Install Yellow Sticky Traps at different locations in the field as preventive measures for control of white fly and/or Jassids, acting as carriers for transmission of these viral diseases. |  |
| 5 | अपने खेत की नियमित निगरानी करें एवं खेत में जाकर 3-4 स्थानों के पौधों को हिलाकर सुनिश्चित करें कि क्या आपके खेत में किसी इल्ली/कीट का प्रकोप हुआ है या नहीं और यदि हैं, तो कीड़ों की अवस्था क्या हैं? तदनुसार उनके नियंत्रण के उपाय अपनाये.<br>Farmers are advised to monitor their crop on regular intervals preferably at 3-4 locations in their fields and see whether any insect/pest/caterpillar is there along with their stage. This will facilitate the effective insect control measures. |  |
| 6 | सोयाबीन की फसल घनी होने पर चक्र भृंग का प्रकोप अधिक होने की सम्भावना होती हैं. इसके लिए प्रारंभिक अवस्था में ही (एक सप्ताह के अन्दर) दो रिंग दिखाई देने वाली ऐसी मुरझाई/लटकी हुई ग्रसित पत्तियों को तने से तोड़कर जला दे या खेत से बाहर करें.<br>Densely populated soybean crop may leads to increased incidence of Girdle beetle. It is advised to pick/destroy the affected plant part (dried tripholiate leaf having two rings on petiole) immediately after the symptoms are visible. |  |
| 7 | कई क्षेत्रों में अत्यधिक वर्षा होने की सूचनाये प्राप्त हुई हैं, कृषकों को सलाह हैं कि जलभराव से होने वाले नुकसान से सोयाबीन फसल को बचाने हेतु अतिरिक्त जल-निकासी सुनिश्चित करें.<br>Some of the soybean growing areas are reported to have continuous and heavy rains last week. Farmers are therefore advised to make necessary draining arrangements. |  |
| 8. | अपने खेतों में चूहें के नियंत्रण के उपाय अपनाए. इसके लिए फ्लोकोउमाफेन 0.005% रसायन से बने प्रति हेक्टेयर 15-20 बेट/हे. बनाकर चूहों के छेदों के पास रखे.<br>Take necessary steps for the prevention of rats in the field. This can be done by keeping the poison baits (15-20/ha) made of Flocoumafen 0.005% Block Bait (Strom) near the rat holes. |  |
| 9 | सोयाबीन फसल पर पौध संरक्षण के लिए अनुशंसित रसायनों (कीटनाशक/फफूंद नाशक) के छिडकाव में पर्याप्त पानी की मात्रा (नेप्सेक स्प्रेयर या ट्रेक्टर चालित स्प्रेयर से 450 लीटर/हे पॉवर स्प्रेयर से 125 लीटर/हे न्यूनतम) का उपयोग करें.<br>Farmers are advised to use recommended quantity of water while spraying the insecticide or herbicide (450 l/ha for knapsack/ tractor drawn sprayer OR 120 l/ha for power sprayer). | |

| | |
|---|---|
| 10 | कीट एवं रोगों से फसल सुरक्षा हेतु उपयुक्त रसायनों का छिडकाव किया जाना चाहिए, भले ही सोयाबीन फसल फुल आने की अवस्था में हो.<br>Protection of crop from the damage caused by insect-pest-disease is of paramount importance. The spray of insecticide/fungicide may be applied even at the flowering stage of the crop. |
| 11 | किसी भी प्रकार का कृषि-आदान क्रय करते समय दूकानदार से हमेशा पक्का बिल लें जिस पर बैच नंबर एवं एक्सपायरी दिनांक स्पष्ट लिखा हो .<br>While purchasing any Agri-input, always obtain a *pucca bill* from the shopkeeper showing batch number and expiry date of the product(s). |
| 12 | ऐसे रसायन (कीटनाशक/खरपतवारनाशक/फफूंदनाशक) जो सोयाबीन फसल में उपयोग हेतु भारत सरकार के केंद्रीय कीटनाशक बोर्ड द्वारा जारी सूचि में शामिल नहीं, उपयोग नहीं करें.<br>Do not use such chemicals (insecticide/herbicide/fungicide) which are not having label claim for soybean duly approved by the Central Insecticide Board of GOI. |
| 13 | जिन रसायनों (कीटनाशक/खरपतवारनाशक/फफूंदनाशक) के मिश्रित उपयोग की वैज्ञानिक अनुशंसा या पूर्व अनुभव नहीं है, ऐसे मिश्रण का उपयोग कदापि नहीं करें. इससे फ़सल को नुकसान हो सकता है.<br>Farmers are suggested not to use any combination of insect/herbicides, which is not recommended/tested, by the ICAR-IISR. This may cause damage/losses to the crop. |

Please follow our social Media